an>

Title: Need to construct embankment and river front road along rivers Ganga and Yamuna at Prayag in Uttar Pradesh.

श्री केशव प्रसाद मौर्य (फूलपुर): अध्यक्ष महोदया, जल्दी मत कर दीजिएगा, आज मेरा विषय दो मिनट का है।

माननीय अध्यक्ष : आज गंगा के बारे में बहुत बोला गया है।

श्री केशव प्रसाद मौर्य : मैं नमामी गंगा परियोजना के बारे में बोलना चाहता हूं। चूंकि मैं प्रयाग से चुनकर आता हूं, मेरा लोक सभा क्षेत्र फूलपुर है। मेरे लोक सभा क्षेत्र के अंदर इस बजट में घोषणा की गई थी कि गंगा घाटों का निर्माण किया जाएगा। मेरे लोक सभा क्षेत्र के अंदर दारागंज, रसूलाबाद, फतेहपुर घाट, कन्हईपुर घाट, नीवा, कूड़ेसर, शृंगवेरपुर, पिपरी, फाफामऊ, झूंसी, अरैल, छतनाग, कंकरा, दुर्बासा आश्रम, कोटवा, लीलापुर, ढोकरी घाट का निर्माण किया जाना आवश्यक है। सीवर लाइन की बड़ी समस्या है। सीवर लाइन की समस्या के लिए गंगा प्रदूषण अभियान के अंतर्गत जो निर्माण होना चाहिए, वहां पर इसकी व्यवस्था की गई थी, उसमें उसको शामिल किया जाए और इलाहाबाद के झूंसी, फाफामऊ, अलवा, नैनी क्षेत्र सहित शहरी क्षेत्र के नवीन मुहल्लों में भी सीवर लाइन को डालने के कार्य को प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। एक और महत्वपूर्ण विषय है। पिछली बार कुम्भ मेले में 10 करोड़ लोग आए थे, इस बार 15 करोड़ आएंगे। संगम को केन्द्र बनाकर कानपुर की ओर शीतलाधाम कड़ा तक लखनऊ की ओर शृंगवेरपुर धाम तक जाता है, जो सीतामढ़ी-भदोही की ओर जो रास्ता जाता है।

माननीय अध्यक्ष : दोनों विषय एक साथ नहीं उठाइए।

श्री केशव प्रसाद मौर्य : इसमें बांध का निर्माण कराकर चार लेन की एक सड़क बनाई जाए, जिससे कुंभ मेले के समय की एक बड़ी समस्या का समाधान हो जाएगा।

माननीय अध्यक्ष : सभी बातें एक साथ नहीं की जातीं।